आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 22.11.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- **महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ प्रदेश की दो सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए कल होगी मतगणना।**
- **25 नवंबर को देश में पहली बार इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलाइंस की होगी बैठक।**
- **मुख्यमंत्री कल भोपाल में 15 करोड़ की लागत वाली हाईटेक गौशाला का करेंगे भूमिपूजन।**
- **प्रदेश में सर्दी को दौर जारी, शहडोल के कल्याणपुर में तापमान 7 डिग्री के पास पहुँचा।**

**मतगणना चुनाव**

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती कल होगी। साथ ही 15 राज्यों में 48 विधानसभा उपचुनावों तथा दो लोकसभा सीट के उपचुनावों के लिए भी मतगणना की जाएगी। उत्तर प्रदेश के नौ, राजस्थान के सात, पश्चिम बंगाल के छह, असम के पांच, बिहार और पंजाब के चार-चार और कर्नाटक के तीन तथा केरल, मध्यप्रदेश और सिक्किम के दो-दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराये गए थे। इसके अलावा छत्तीसगढ, गुजरात और उत्तराखंड में भी एक-एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ है। केरल के वायनाड और महाराष्ट्र के नांदेड संसदीय क्षेत्र में भी उपचुनाव कराये गए हैं।

**मतगणना**-राज्य

प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के नतीजे भी कल मिलेंगे। दोनों सीटों पर मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना डाक मतपत्र के साथ शुरु होगी। चुनाव आयाेग द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मतगणना के लिये सभी सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गये हैं। विजयपुर विधानसभा की मतगणना शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, श्योपुर में होगी। इसके लिए 16 टेबल्स लगाई जाएंगी। मतगणना 21 राउंडस् में सम्पन्न कराई जाएगी। बुधनी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना शसकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में होगी। गणना के लिए 2 कक्षों में 14-14 टेबल्स लगाई जाएंगी। मतगणना 13 राउंडस् में सम्पन्न कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत प्राधिकार पत्र प्राप्त व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।

**प्रधानमंत्री- मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 24 नवंबर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार

वेबसाइट और news on air मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

**इंटरनेशलन कॉपरेटिव अलाइंस**

25 नवंबर को देश में पहली बार इंटरनेशलन कॉपरेटिव अलाइंस की बैठक होने जा रही है। दिल्ली में होने वाली बैठक को लेकर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधित्व कर रहे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य रिषिराज सिंह सिरोदिया ने बताया कि 130 साल में भारत को पहली बार ये अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि यूनाइटेड नेशन्स ने सन 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित करने का निश्चय किया है।

**बाइट- ऋषिराज सिंह सिसोदिया, सदस्य, आईसीए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (एमपी-सीजी)**

**संविधान दिवस**

संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर को वर्ष भर चलने वाला "हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान" की शुरुआत होने जा रही है। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग ने शासन के समस्त विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी कर निर्देश जारी किये हैं। वर्ष भर की गतिविधियों के लिये वेबसाइट constitution75.com भी तैयार की गई है। 26 नवंबर को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में सामुहिक रूप से संविधान प्रस्तावना का वाचन किया जायेगा। ग्राम पंचायतों को बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के योगदान का प्रचार करने के लिये मायभारत स्वयं सेवकों के माध्यम से संविधान स्वाभिमान यात्राएं आयोजित किये जाने के लिये भी कहा गया है।

**मुख्यमंत्री हाइटैक गौ-शाला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल बरखेड़ी डोब, भोपाल में करीब 15 करोड रुपए की लागत की 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाइटैक गौ-शाला का भूमि-पूजन करेंगे। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। यह गौ-शाला लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बनाई जा रही है। इसमें गायों के आधुनिक तरीके से रख-रखाव के साथ ही उनके उपचार के लिए सभी संसाधनों से युक्त चिकित्सा वार्ड का भी निर्माण किया जाएगा। गौ-शाला का निर्माण तीन चरणों में होगा, जिसमें प्रथम चरण में लगभग 2000 पशु क्षमता का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागपुर में आज एग्रोविजन द्वारा आयोजित 'इंडियाज़ प्रीमियर एग्री समिट' के 15वें संस्करण में हिस्सा लेते हुए इस गौशाला के बारे में जानकारी दी।

**इफ्फी- गोवा**

गोवा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 55वें संस्करण में फिल्म प्रदर्शनों का आज

दूसरा दिन है। विभिन्न विधाओं, भाषाओं और देशों से संबंधित 70 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जा रही हैं। कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियां भी इस मौके पर शामिल हो रही है।

हमारे संवाददाता ने बताया कि फिल्म बाजार में आज बहुत अच्छा माहौल है, जहां बड़ी संख्या में निर्माता, वितरक और फिल्म उद्योग के हितधारक आए हैं।

**क्रिकेट-भारत-ऑस्ट्रेलिया**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला क्रिकेट टेस्ट मैच आज से पर्थ में शुरू हुआ। आज पहले दिन की समाप्ती तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। तेज गेंदबाज और कप्तान जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिए है। इसके पहले भारत की शुरूआत कमजोर रही और पूरी टीम पहली पारी में 150 रन पर ही सिमट गई। पहली बार टेस्ट मैच खेल रहे नितीश कुमार रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। जोश हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक चार विकेट लिये।

**मौसम**

**प्रदेश में सर्दी का दौर जारी है। भोपाल, इन्दौर, नर्मदापुमर, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभागों में तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। प्रदेश में सबसे कम तापमान शहडोल जिले के कल्याणपुर में 7 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंचमढ़ी तापमान 7 दशमलव 2 डिग्री दर्ज किया गया।**

भोपाल में कल रात का तापमान 10.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के 8 शहरों में पारा 8 से 10 डिग्री के बीच रहा। आज सुबह से मौसम में ठंडक है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने प्रदेश में ठंड बढ़ा दी है। खंडवा जिले में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जबकि आज दिन का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

समाचार संक्षेप

- हाई कोर्ट की जबलपुर बेंच ने नर्सिंग का ॅलेज मामले कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ही सत्र 2024-25 की संबद्धता प्रक्रिया पूरी करेगा। इसी तरह संशोधन अधिनियम के प्रविधान इस वर्ष लागू नहीं होंगे।

- नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा आज भोपाल में जल प्रदाय व सीवरेज परियोजना के संचालन और संधारण में स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 21 निकायों के अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

- आगरमालवा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- देवास जिले में राजस्व महा-अभियान 3.0 के तहत नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, समग्र ई-केवायसी के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।अभियान 15 दिसबंर तक चलेगा।

- खण्डवा जिले में विश्व एंटीबायोटिक सप्ताह 18 नवंबर से 24 नवंबर तक मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला चिकित्सालय एवं शहरी क्षेत्र में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहा हैं।

- नर्मदापुरम जिले में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत जिला नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालय इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर और सिवनीमालवा के न्यायालयों में आयोजित की जायेगी।